(vii) अज्ञेय की लम्बी कविता का क्या नाम है?

(viii) ऋषभायण का क्या अर्थ है?

(ix) नरेश मेहता की महत्त्वपूर्ण रचना का नाम बताइये।

(x) उद्धव शतक किसकी रचना है?

(xi) प्रसुमन का क्या अर्थ है?

(xii) बच्चन की सर्वाधित चर्चित कृति कौनसी है?

(xiii) द्रुतपाठ के दो कवि व उनकी रचनाऐं लिखिए।

(xiv) व्यंग्यात्मक कविता लिखने वाले किसी एक कवि का नाम व कृति बताइये।

(xv) आधुनिक थाल की दो महत्त्वपूर्ण घटनाऐं बताइये।

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## प्रथम पत्र : आधुनिक काव्य

समय : 3.00 घण्टे — पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(अ) उज्ज्वल वरदान चेतना का, सौन्दर्य जिसे सब कहते हैं।
जिसमें अनन्त अभिलाषा के, सपने सब जगते रहते हैं।।
मैं उसी चपल की धात्री हूं, गौरव–महिमा हूं सिखलाती।
ठोकर जो लगने वाली है, उसको धीरे से समझाती।।

(ब) सखि, नीलनभस्सर में उतरा
यह हंस अहा! तरता तरता,
अब तारक–मौक्तिक शेष नहीं,
निकला जिनको चरता–चरता।
अपने हिम–बिन्द बचे तब भी,
चलता उनको धरता–धरता
गढ़ जाय न कण्टक भूतक के,
कर डाल रहा डरता–डरता।

(स) देखा है महाशक्ति रावण को लिए अंक,
लांछन को ले जैसे शंशाक नभ में अशंक
हत मत्रपूत शर संवृत करती बार–बार
निष्फल होते लक्ष्य पर क्षिप्र वार पर वार।
विचलित लख कपिदल क्रुद्ध, युद्ध को मैं ज्यों–ज्यों,
झक–झक झलकती वह्नि वामा के दृग त्यों–त्यों।

(द) भरत! शब्द का शास्त्र पढ़ो बुम
शब्द–सिद्धि का का द्वार खुले
छन्द शास्त्र हो आत्मसात तब
सिता दूध में सहज धुले
पढो पुत्रियों! कर्म भूमि में
विद्या का होगा सम्मान
विद्या कामदुहा धेनू है
कल्पवृक्ष का नव प्रस्थान।

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x10=20

(अ) कामायनी के श्रद्धा सर्ग का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त का संक्षिप्त परिचय देते हुए साकेत के नवम् सर्ग के सौन्दर्य–विद्यान को स्पष्ट कीजिए।

(ब) राम की शक्ति पूजा में निराला के वर्णित नवीनतम भावनुभूतिमय सौन्दर्य को अपने शब्दों में वर्णित कीजिये।

अथवा

'ऋषभायण' में आचार्य महाप्रज्ञ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।



प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4=20

(i) तार सप्तक के कवियों के नाम बताइये।

(ii) नई कविता की मान्यताएं समझाइये।

(iii) अकविता को परिभाषित कीजिए।

(iv) प्रगतिवाद के प्रमुख आरोप बताइये।

(v) नये छंद देने वाले कवि का नाम व छंद लिखिए।

(vi) 'कामायनी' शब्द का अर्थ लिखिए।

(vii) 'साकेत' में गुप्त जी ने किसका वर्णन किया है?

(viii) कुरुक्षेत्र में दिनकर जी ने किस समय का और क्या वर्णन किया है?

प्र. 4. निम्नांकित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10 x 1= 10

(i) खड़ी बोली में गद्य का विकास कौनसे युग में हुआ?

(ii) पूंजीवाद एवं वर्ग संघर्ष पर कविता लिखने वाले आधुनिक काल के प्रथम कवि कौनसे हैं?

(iii) नवीनतम प्रयोगों पर बल देने वाले काव्य को किस नाम से पुकारा गया?

(iv) प्रतिश्रुति पीढ़ी के प्रवर्त्तक कौन है?

(v) साकेत के प्रमुख पत्र का नाम बताइये।

(vi) दिनकर को किस धारा का कवि माना जाता है?

(ix) महादेवी वर्मा को 'यामा' पर कौनसा पुरस्कार मिला?

(x) जोड़ियां बनाओ –

| | |
|---|---|
| 1. प्रणाम | (अ) मैथिलीशरण गुप्त |
| 2. दद्दा | (अ) सुभद्राकुमारी चौहान |
| 3. निराशा | (अ) सुमित्रानंदन पंत |
| 4. सहेली | (अ) रविन्द्रनाथ टैगोर |
| 5. सुकुमारता | (अ) सूर्यकान्त त्रिपाठी |

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2014

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**द्वितीय पत्र : गद्य साहित्य**

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

***निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।***

प्र. 1. निम्न में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 3x10=30

(i) उसकी आंखों से बहते हुए आंसू बतला रहे थे कि मोह का बन्धन तोड़ना कितना कठिन हो रहा है। जो कुछ अपने से नहीं बन पड़ा, उसी के दुःख का नाम तो मोह है। पाले हुए कर्त्तव्य और निपटाए हुए कामों का क्या मोह! मोह तो उन अनाथों को छोड़ जाने में है, जिनके साथ हम अपने कर्त्तव्य न निभा सके उन अधूरे मंसबों में है जिन्हें हम न पूरा कर सके।

(ii) ''राजकुमार, ब्राह्मण न किसी के राज्य में रहता है और न किसी के अन्न से पलता है, स्वराज्य में विचरता है और अमृत होकर जीता है। यह तुम्हारा मिथ्या गर्व है। ब्राह्मण सब कुछ सामर्थ्य रखने पर भी, स्वेच्छा से इन माया–स्तूपों को ठुकरा देता है। प्रकृति के कल्याण के लिए अपने ज्ञान का दान देता है।

(iii) उत्तम मनुष्य वही है, जिसे अपने दुष्कर्म पर ग्लानि होती है। वह मनुष्य मध्यम माना जाएगा जो अपने दुष्कर्म के कड़वे फल पर ग्लानि का अनुभव करता है। यह कड़वा फल अपमान है। अपमान बोध बुरे काम करने वालों के लिए रोक लगा सकता है। परन्तु उनका मुंह दूसरी ओर नहीं मोड़ सकता अपमान में दो प्रकार की ग्लानि होती है– एक तुच्छता का भाव, दो–बुरेपन का भाव जगना। तुच्छता का भाव अपनी कमजोरी और दूसरों को बदलाव होने का बोध करता है।

(iv) मैं आज तक दोनों में से किसी की भी धुरी नहीं पहचान पाया। मैं समझता हूं कि जो कुछ मैं समझ पाता हूं, सत्य सदा उसके विपरित होता है और मैं जब विपरित तक पहुंचने लगता हूं, तो सत्य उस विपरीत से विपरीत हो जाता है।

अतः मैं जो कुछ समझ पाता हूं, वह सदा झूठ होता है। इससे अब तुम निष्कर्ष निकाल लो कि सत्य क्या हो सकता है कि उसने सन्यास ले लिया है या नहीं लिया।

प्र. 2. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए– 2x10= 20

(i) 'गोदान' में शोषण की भयानकता को दर्शाया गया है। इस कथन से आप कहा तक सहमत हैं। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'आषाढ का एक दिन' नाटक का उद्देश्य अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

(iii) बाणभट्ट की आत्मकथा की भाषा–शैली सम्बन्धी विशेषताएं स्पष्ट कीजिए।



प्र. 3. निम्न में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5x4=20

(i) होली के माध्यम से प्रतापनारायण मिश्र आनन्द–उल्लास के महत्त्व को कैसे समझाते हैं।

(ii) तुलसी हिन्दू धर्म के उद्धारक क्यों माने जाते हैं?

(iii) जगपति का चरित्रांकन मनोवैज्ञानिक प्रणाली से हुआ है इस कथन के आलोक में नायक का वर्णन करो।

(iv) 'उसने कहा था' कहानी का उद्देश्य व्यक्त कीजिए।

(v) 'निषाद बांसुरी' निबन्ध का सारांश व्यक्त कीजिए।

(vi) 'गुलकी बन्नो' धर्मवीर भारती की किस प्रकार की कहानी रचना है।

(vii) पथ के साथी के वैशिष्ट्य को समझाइये।

प्र. 4. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10x1=10

(i) गोदाम उपन्यास में किन दो सभ्यताओं के अन्तर्द्वन्द्व को चित्रित किया गया है?

(ii) चन्द्रगुप्त के प्रथम अंक में किन प्रमुख प्रदेशों का वर्णन है?

(iii) बाणभट्ट कालीन राजा का क्या नाम है?

(iv) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल निबंध को क्या मानते हैं?

(v) आदिकवि की उपाधि किसे दी गई है?

(vi) होली का त्यौहार किस महीने में आता है?

(vii) सफल जीवन का सूत्र निबंधकार ने क्या माना है?

(viii) दूब किसका प्रतीक है?

(xxi) सहज ब्रह्मभाषा को षट्भाषा का केन्द्र किसने माना।

(xxii) आचार्य राजचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी रीति ग्रन्थों की परम्परा का आरम्भ किस आचार्य से माना।

(xxiii) ''छदार्णव पिंगल'' किसकी रचना है।

(xxiv) ''द पोस्ट मॉडर्न कंडीशन'' के लेखक का नाम बताइये।

(xxv) रिचर्ड्स का व्यवहारिक आलोचना से संबन्धित ग्रन्थ का नाम बताइये।

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2014

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन**

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

***निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।***

प्र. 1. काव्य के विभिन्न प्रकारों पर अपना अभिमत प्रकट कीजिए?

अथवा

वक्रोक्ति के स्वरूप का विवेचन कीजिए। एक सम्प्रदाय के रूप में वक्रोक्ति की परम्परा का विश्लेषण कीजिए। 10

प्र. 2. ''परम्परा की परिकल्पना और वैयक्तिक प्रज्ञा'' के आधार पर इलियट की आलोचना कर्म का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

विखण्डन क्या है? देरिदा के विखण्डन सिद्धान्त को समझाइए? 10

प्र. 3. भिखारीदास के काव्यशास्त्रीय चिन्तन को निरूपित कीजिए।

अथवा

शास्त्रीय और तुलनात्मक आलोचना क्या है? हिन्दी आलोचना साहित्य के इतिहास में इस धारा की उपस्थिति का मूल्यांकन कीजिए। 10

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– 15

खेती न किसान को, भिखारी को न भीख,
बलि बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।
जीविका–विहीन लोग सीद्यमान सोच बस,
कहै एक एकन सौं, कहाँ जाई, का करी।
बेद हूं पुरान कहीं लोकहु बिलोकियत,
साँकरे सबै है राम रावरे कृपा करी।
दारिद–दसानन दवाई दुनों, दीनबंधु,
दुरित–दहन देखि तुलसी हहा–करी।

**अथवा**

''श्रेय नहीं कुछ मेरा
मैं तो डूब गया था स्वयं शून्य में
वीणा के माध्यम से अपने को मैंने
सब कुछ को सौंप दिया था–
सुना आपने जो वह मेरा नहीं
न वीणा का था :
वह तो सब कुछ की तथता थी–
महाशून्य
वह महामौन
जो शब्दहीन
सब में गाता है।''

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– 5 x 3 = 15

(i) रस की प्रक्रिया के संदर्भ में अभिव्यक्त विभिन्न आचार्यों के मत का उल्लेख कीजिए।

(ii) सौन्दर्यमलंकार का क्या तात्पर्य है?

(iii) मार्ग क्या है? विभिन्न मार्गो का उल्लेख कीजिए?



(iv) ध्वनि सिद्धान्त का प्रमुख अवदान क्या है?

(v) औचित्य सिद्धान्त की प्रमुख विशेषताएं बताइये?

(vi) अरस्तु द्वारा व्यवहृत 'अनुकरण' का अर्थ स्पष्ट करें?

(vii) लिबिडो क्या है?

(viii) उत्तर आधुनिकता का मुख्य विमर्श क्षेत्र संस्कृति है'' कथन पर प्रकाश डालिए।

प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 20 x 1 = 20

(i) ''काव्यादर्श'' किसकी कृति है?

(ii) ''समाधि'' क्या है?

(iii) ''सहृदय' को परिभाषित कीजिए।

(iv) अलंकार विकास यात्रा की प्रमुख मंजिले बताइये।

(v) आचार्य रुय्यक के प्रमुख विभाजनों का उल्लेख कीजिए।

(vi) किस रीति का ''ग्राम्या'' संज्ञा से अभिहित करते हैं।

(vii) अभिव्यंजनावाद को वक्रोक्तिवाद का विलायती उत्थान किसने कहा?

(viii) ''ध्वनि'' कहां होती है?

(ix) आचार्य क्षमेन्द्र के अनुसार औचित्य के कितने भेद है।

(x) प्लेटो के संपूर्ण चिन्तन का मुख्य उद्देश्य बताइये।

(xi) अरस्तु की साहित्यिक रचनाओं का उल्लेख करें।

(xii) ''पेरिहुप्सुस'' के लेखक कौन है।

(xiii) आर्नल्ड की आलोचनात्मक रचनाओं का उल्लेख करें।

(xiv) एलियट किस प्रकाशन संस्थान के निदेशक थे।

(xv) कॉलरिज से संबन्धित रिचर्डस की कृति का नाम बताइये।

(xvi) फ्रायड ने मन के कितने स्तरों का उल्लेख कीजिये।

(xvii) मनो विश्लेषण सिद्धान्त की वृहद्त्रयी का उल्लेख करें।

(xviii) स्वच्छन्दतावाद की दो प्रमुख विशेषतायें।

(xix) पॉल दा मान के अनुसार ''पढ़ने के सिद्धान्त'' के आधार क्या है।

(xx) कला की स्वायतत्ता के बारे में उत्तर आधुनिकतावाद का क्या मानना है।

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## चतुर्थ पत्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्न सभी प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। 20 X 1 = 20

(i) अपभ्रंश भाषा का समय कब से कब तक माना जाता है।

(ii) जैन साहित्य के दो प्रमुख कवि और उनकी रचनाएं बताइये।

(iii) भक्ति आन्दोलन का अखिल भारतीय स्वरूप क्या है?

(iv) निर्गुण ब्रह्म से संबंधित कबीर द्वारा रचित एक दोहा लिखिए।

(v) 'संत' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(vi) सूफी प्रेमाख्यान काव्य के दो उदाहरण लिखिए।

(vii) हिन्दी साहित्य में रामभक्ति परम्परा के चिन्तन का मेरूदंड किसे माना जाता है।

(viii) भ्रमरगीत प्रसंग का आधार कवियों ने क्या रखा है।

(ix) अष्टछाप कवियों में वल्लभाचार्य के चार शिष्यों के नाम बताइये।

(x) रीतिकालीन कवियों को काव्यशास्त्रीय आधार पर किन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। बताइये।

(xi) महावीर प्रसाद द्विवेदी का संपादन काल कहां से कहां तक रहा है?

(xii) छायावादी कविता का जनक किसे माना जाता है?

(xiii) निराला द्वारा रचित दो काव्य–ग्रन्थ के नाम लिखिए?

(xiv) प्रगतिशील लेखक की समय सीमा क्या रही है। लिखिए?

(xv) प्रयोगवादी कविता की समय सीमा क्या रही है? लिखिए।

(xvi) हिन्दी उपन्यास के विकास को किन भागों में बांटा गया है? लिखिए।

(xvii) प्रसाद द्वारा रचित पहला ऐतिहासिक नाटक कौन–सा है।

(xviii) द्विवेदी युगीन हिन्दी आलोचना के दो उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(xix) रेखाचित्र को हिन्दी साहित्य में और क्या कहा जाता है।

(xx) 'नाजी' के शेर का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

प्र. 2. निम्न किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर (150–180 शब्दों में) दीजिए 5 x 4 = 20

(i) उर्दू साहित्य में नई विचारधाराओं का आगमन किस प्रकार हुआ। स्पष्ट कीजिए।

(ii) हिन्दी साहित्य में रेखाचित्र के विकास यात्रा पर एक लेख लिखिए।

(iii) आधुनिक हिन्दी आलोचना की आरंभिक स्थिति स्पष्ट कीजिए।

(iv) नाटक और प्रहसन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(v) प्रेमचन्दोत्तर हिन्दी उपन्यास की विकास स्थिति किस प्रकार रही स्पष्ट कीजिए।



(vi) समकालीन कविता अपने युग की अजस्र कविता धारा है। स्पष्ट कीजिए।

(vii) प्रयोगवाद का आरम्भ कब और क्यों हुआ था। स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्न किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 250 शब्दों में दीजिए 4 x 10 =40

(i) भारतेन्दु युग के नाटक और प्रसादोत्तर युग के नाटक में अंतर स्पष्ट कीजिए।।

(ii) उपन्यास आधुनिक व्यस्त जीवन का महाकाव्य है। इस कथन की समालोचना कीजिए।

(iii) नयी कविता की काव्य–प्रवृत्तियां उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(iv) स्वच्छंदतावाद और छायावाद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(v) द्विवेदी युग के विकास में सरस्वती पत्रिका का योगदान स्पष्ट कीजिए।

(vi) भारतेन्दु युग की प्रमुख उपलब्धियाँ क्या रहीं। स्पष्ट कीजिए।

♦♦♦

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

प्र. 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दें – (कोई दस) 10 x 1 = 10

1. जिन किसे कहते हैं?
2. कालचक्र कितने सागर का होता है?
3. भगवान महावीर के माता–पिता का नाम लिखिए।
4. आगम किसे कहते हैं?
5. व्रत किसे कहते हैं?



कृ.पृ.उ.

6. तत्त्व का अर्थ क्या है?

7. त्रिरत्न क्या है?

8. द्रव्य किसे कहते हैं?

9. मनोविज्ञान में मन के तीन स्तर बताइए।

10. अणुव्रत आन्दोलन का प्रवर्तन कब और किसके द्वारा हुआ?

11. प्रेक्षाध्यान का अर्थ क्या है?

12. तनाव किसे कहते हैं?

13. जीवन विज्ञान के सात अंग कौन से हैं?

प्र. 2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए (कोई चार) 4 x 7 = 28

1. भगवान ऋषभ का जीवन परिचय लिखिए।

2. श्वेताम्बर एवं दिगम्बर सम्प्रदाय में अन्तर बताइए।

3. श्रावक के बारह व्रतों पर प्रकाश डालें।



4. सिद्ध करें जीवन विज्ञान शिक्षा का नया आयाम है।

5. अणुव्रत के नियमों पर प्रकाश डालें।

6. समय–प्रबन्धन के सूत्रों पर प्रकाश डालें।

प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। (कोई तीन) 3 x 14= 42

1. जैन संस्कृति की विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

2. लोकवाद पर एक निबन्ध लिखिए।

3. जैन दर्शन में शाकाहार पर निबन्ध लिखें।

4. सिद्ध करें कि अनेकान्त जीवन व्यवहार का दर्शन है।

5. लक्ष्य निर्माण के महत्त्व को बताते हुए उसकी प्राप्ति की प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

♦♦♦

(ii) सूफी सिद्धान्त में ईश्वर साधना के चार सोपन कौन–कौन से हैं? नाम लिखें।

(iii) भक्ति को दक्षिण से उत्तर लाने वाले आचार्य कौन हैं?

(iv) अष्टछाप की स्थापना किसने की थी?

(v) कवि प्रिया किसकी रचना है?

(vi) कबीर की रचनाएं कितने रूपों में मिलती है? सभी के नाम लिखें।

(vii) कबीर के गुरु कौन थे?

(viii) 'पद्मावत' में हीरामन तोते का रूपक क्या है?

(ix) 'मसनवी पद्धति' से आप क्या समझते हैं?

(x) सूरदास के समकालीन किस कवि ने भ्रमरगीत की रचना की है?

(xi) 'उद्धव शतक' किसकी रचना है?

(xii) रामचरित मानस की भाषा कौन सी है?

(xiii) बिहारी ने किस छंद में काव्य सर्जन किया है?

(xiv) बिहारी की भाषा कौन सी है?

(xv) खुसरो को कौन सी उपाधि दी गई थी?

(xvi) मीरां की दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(xvii) रसखान की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(xviii) रसखान किस संप्रदाय में दीक्षित थे?

(xix) भूषण ने किन–किन की प्रशस्ति में काव्य रचा है?

(xx) सेनापति का सबसे प्रसिद्ध वर्णन कौन सा है?

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(i) संतो, सहज समाधि भली।
सांईते मिलन भयो जा दिन तें सुरत न अंत चली।।
आँख न मूँदूँ कान रूँ धूँ, काया कष्ट न धारूँ।
खुले नैन मैं हँस हँस देखू, सुंदर रूप निहारूँ।।
कहूँ सो नाम सुनूँ सो सुमिरन, जो कुछ करूँ सो पूजा।।

(ii) अधर सुरंग अमी रस भरे। बिंब सुरंग लाजि बन फरे।।
फूल दुपहरी जानौं राता। फूल झरहिं ज्यों–ज्यों कह बाता।।
हीरा लेइ सो विद्रुम–धारा। विहँसत जगत होई उजियारा।।
भए मंजीठ पानन्ह रंग लागे। कुसुम–रंग थिर रहै न आगे।।
आस कै अधर अमी भरि राखे। अबहिं अछूत, न काहू चाखे।।
मुख तंबोल–रंग–धारहिं रसा। केहि मुख जोग जो अमृत बसा?
राता जगत देखि रंग राती। रूहिर भरे आछहि बिहँसाती।
अस राजा, सब जग आस करेइ।
केहि कहै कंवल बिगासा, को मधकर रस लेइ?

(iii) हमारे हरि हारिल की लकरी।
मन बच क्रम नंदनंदन सों उर दृढ़ करि पकरी।।
जागत सोवत, सपने सौंतुख कान्ह कान्ह जकरी।
सुनतहि जोग लगत ऐसी अलि! ज्यों करुई ककरी।।
सोई ब्याधि हमें लै आए देखी सुनी न करी।
यह तौ सूर तिन्हैं लै दीजै जिनके मन चकरी।।

(iv) अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई।।
राम कहा सेवकन्ह बुलाई। प्रथम सखन्ह अन्हवावहु जाई।।
सुनत बचन जहँ तहँ जन धाए सुग्रीवादि तुरत अन्हवाए।।
पुनि करुनानिधि भरतु हँकारे। निज कर राम जटा निरुआरे।।
अन्हवाए प्रभु तीनिउ भाई। भगत बछल कृपालु रघुराई ।।
भरत भाग्य प्रभु कोमलताई। सेष कोट सत सकहि न गाई।।
पुनि निज जटा राम बिबराए। गुर अनुसासन मागि नहाए।।
करि मज्जन प्रभु भूषन साजे। अंग अनंग देखि सत लाजे।।

(v) या अनुरागी चित्त की, गति समुझै नहिं कोइ।
ज्यों–ज्यों बूड़ै स्याम रंग, त्यों–त्यों उज्जलु होइ।।

(vi) लच्छन सहित बत्तीस बरस छत्तीस मास छह।
इन दज्जन संग्रहे राहु जिम चंद सूर गह।।
उब छुट्टे महि दान दुजन छुट्टे ति दंड वहि।
इक्क गहहि गिरि कंद इक्क अनुसरहिं चल गहि।।
चँहुवान चतुर चहुँ दिसहि बलि हिंदबान सब हत्यजिहि।
इम जपंई चंदु वरद्दिया प्रथीराज अनुहार इहि।।



प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2 x 10 = 20

(i) रीतिकाल के कवियों को कितने वर्गों में रखा जा सकता है?

(ii) कबीर पर किन–किन धर्म–साधनाओं तथा विचारधाराओं का प्रभाव था? स्पष्ट करें।

(iii) भ्रमरगीत के भाव विधान पर समीक्षात्मक लेख लिखिए।

(iv) उत्तरकांड में तुलसीदास के ज्ञान और संत असंत विषयक विचारों की समीक्षा कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 3 = 15

(i) निर्गुण काव्यधारा के तीन प्रमुख कवियों के नाम लिखें व उनकी रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दें।

(ii) सूरदास की रचनाओं का सामान्य परिचय दीजिए।

(iii) रामचरितमानस के उत्तरकांड का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) बिहारी ने 'गागर में सागर भरा है' इस कथन का आशय संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

(v) खुसरो की रचनाओं का सामान्य परिचय दीजिए।

(vi) मीरां की काव्य भावना पर टिप्पणी लिखिए।

(vii) भूषण की रचनाओं का परिचय दीजिए।

प्र. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 15 x 1 = 15

(i) खुसरो की मुकरियों और पहेलियों ने आधुनिक काल के किस कवि को प्रेरित–प्रभावित किया था?

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. भाषा की परिभाषा देते हुये भाषा विज्ञान के प्रमुख और गौण अंगो का विवेचन कीजिये? 10

अथवा

स्वन की परिभाषा देते हुये स्वन परिवर्तन की दिशाओं का विवेचन कीजिये?

प्र. 2. गहन संरचना और बाह्य संरचना पर प्रकाश डालिये? 10

अथवा

शब्द और अर्थ के संबंध पर प्रकाश डालिये?

प्र. 3. ''भाषा विज्ञान का साहित्य महत्त्व'' कथन पर प्रकाश डालिये? 10

अथवा

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं पर टिप्पणियाँ करते हुए उनकी विशेषताओं पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

प्र. 4. हिन्दी का भौगोलिक विस्तार पर संक्षिप्त प्रकाश डालिये? 10

अथवा

देवनागिरी लिपि के मानक स्वरूप को स्पष्ट करते हुये एक लेख लिखिए?

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(i) भाषा सामाजिक व्यवस्था कैसे है?

(ii) स्वन विज्ञान के अध्ययन से कौन से लाभ होते हैं?

(iii) हिन्दी साहित्य में कम्प्युटर की उपयोगिता सिद्ध कीजिये?

(iv) अर्थ परिवर्तन के कारणों की चर्चा कीजिए?

(v) ब्रज भाषा की विशेषताओं को बताइये?

(vi) समाज के प्रकार बताइये?

(vii) देवनागिरी लिपि की खामियां क्या है?

(viii) वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत में अन्तर को बताइये?

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 20 x 1 = 20

(i) देह भाषा (Body Language) को क्या कहते हैं?

(ii) भाषा शब्द की व्युत्पत्ति किस धातु से हुई है।

(iii) रूप विज्ञान का पुराना नाम क्या है?

(iv) पाणिनी के ग्रंथ का नाम बताइये।

(v) ब्रज भाषा के क्षेत्र का नाम बताइये।



(vi) मागधी भाषा में कौनसी भाषाओं का विकास हुआ है।

(vii) बुंदेली भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है।

(viii) स्वन विज्ञान का पुराना नाम क्या है?

(ix) भुक्सा, डांगी आदि शब्द कौन सी भाषा के है?

(x) कर्तृवाचक कृदंत प्रत्यय की परिभाषा बताइये।

(xi) पूर्वी हिन्दी की सबसे प्रमुख बोली कौनसी है।

(xii) वाक किसे कहते हैं?

(xiii) संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक कौन है?

(xiv) अवधी की दो रूपात्मक विशेषताएं बताइये।

(xv) भाषा विज्ञान के प्रधान अंगों के नाम लिखिए।

(xvi) माध्यम किसे कहते हैं?

(xvii) हिन्दी में कारकों की संख्या कितनी है?

(xviii) व्युत्पत्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिये?

(xix) राजभाषा से क्या तात्पर्य है?

(xx) भाषा भूगोल से क्य तात्पर्य है?

(xxi) राजभाषा और राष्ट्रभाषा के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(xxii) माध्यम भाषा किसे कहते हैं?

♦♦♦

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2014

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**अष्टम पत्र : लोक साहित्य**

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3 x 15 = 45

(i) लोकसाहित्य के संकलन की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

(ii) राजस्थान के प्रमुख लोकउत्सवों का परिचय दीजिए।

(iii) भारत में लोकसाहित्य का इतिहास को संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।

(iv) राजस्थान के प्रमुख लोक देवता बाबा रामदेव का परिचय दीजिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(i) कथानक अभिप्राय का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ii) लोकसाहित्य के अध्ययन में पाश्चात्य संप्रदायों का महत्त्व बताइए।

(iii) लोकगाथा के तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।



कृ.पृ.उ.

(iv) लोगगीतों का वर्गीकरण कीजिए।

(v) लोकसाहित्य के क्षेत्र विस्तार पर प्रकाश डालिए।

(vi) राजस्थानी संगीत के प्रमुख वाद्ययंत्रों के नाम बताइये।

(vii) लोकसाहित्य की विविध विधाओं के नाम बताइए।

प्र. 3. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए। 15 x 1 = 15

(i) संत पीपा का असली नाम क्या था?

(ii) संत जंभेश्वर का जन्म कहां हुआ था?

(iii) करणी माता की माँ का नाम बताइये।

(iv) बगड़ावत कितने भाई थे?

(v) जीण माता का जन्म स्थान कहां था?

(vi) 'पड़' का लोकजीवन से क्या संबंध है?

(vii) टूंटिया–टूंटकी या खोड़्या क्या है?

(viii) लोकगीत की परिभाषा लिखिए।

(ix) ब्यावर के बादशाह की सवारी कब निकलती है?

(x) राजस्थान के प्रचलित ख्यालों के नाम बताइये।

(xi) कमायचा क्या है?

(xii) लोकनाट्य कितने प्रकार के होते हैं?



(xiii) कजली तीज के दिन किस वृक्ष की पूजा की जाती है?

(xiv) ब्रह्मा जी का मंदिर कहां है?

(xv) नाकोड़ा जी का मेला कब लगता है?

(xvi) अजमेर का विश्व प्रसिद्ध उर्स कब होता है?

(xvii) धींगा गवर का मेला कहां भरता है?

(xviii) आई माता का मंदिर कहां है?

(xix) 'जात्रा' लोकसाहित्य की कौनसी विधा है?

(xx) मुहावरे व कहावत का अंतर बताइये।

♦♦♦

the stream of European cultural history and attempts, as far as he can, to investigate a given body of custom as a whole, or, if he concentrates on any one aspect of a culture, he takes a primary objective, the analysis of the interrelation of that aspect with other phases of the life of the people. He analyses these aspects not only as to which is to be distinguished from the others, but as all a functioning, system that adapts the people to setting. In this, the anthropologist differs from the economist. The political scientist, the sociologist, the student of comparative religions or of art or literature.

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। 3 x 10= 30

(i) प्रतीक विज्ञान की अवधारणा स्पष्ट करते हुए प्रतीक की संकल्पना पर विचार प्रकट कीजिए।

(ii) अनुवाद की प्रक्रिया और प्रविधि पर लेख लिखिए।

(iii) अनुवाद में समतुल्यता के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

(iv) अनुवाद की सार्थकता व उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

(v) अनुवाद के विभिन्न गुणों पर प्रकाश डालिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4= 20

(i) हैलिडे द्वारा दी गई अनुवाद की परिभाषा की व्याख्या कीजिए।

(ii) अन्तरभाषिक अनुवाद क्या है?

(iii) पाठधर्मी अनुवाद किसे कहते हैं?

(iv) अनुवाद में शिल्प के महत्त्व को स्पष्ट कीजिये।

(v) प्रोक्ति के विषय में टिप्पणी लिखिए।

(vi) विज्ञापनी प्रयुक्ति को स्पष्ट कीजिए।

(vii) प्रशासनिक अनुवाद की क्या समस्याएं है?

(viii) मशीनी अनुवाद कैसे होता है?

(ix) मशीनी अनुवाद में उपभाषाओं का क्या महत्त्व है?

(x) सामासिक संस्कृति के विकास में अनुवाद के अवदान की विवेचना कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए। 15 x 1= 15

(i) अनुवाद शब्द की व्युत्पत्ति व उसका अर्थ बताइए।

(ii) गोपीनाथन ने अनुवाद के संबंध में क्या कहा?

(iii) किसी एक प्रतीक शास्त्री का नामोल्लेख कीजिए।

(iv) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने किन संस्कृत नाटकों का अनुवाद किया?

(v) शिल्प का अंगेजी रूपान्तरण क्या है?

(vi) उमार ख्य्याम की रूवाहयों का हिन्दी में सफल अनुवाद किसने किया?

(vii) चॉम्स्की ने भाषा का क्या अर्थ बताया है?



(viii) 'व्यवस्था' के लिए आधुनिक शब्दावली में किस शब्द का प्रयोग अधिक उपयुक्त माना जाता है?

(ix) 'साहित्य दर्पण' के ग्रंथाकार कौन है?

(x) वाक्य के संदर्भ में हॉकेट ने क्या परिभाषा दी।

(xi) उपवाक्य किसे कहते हैं?

(xii) नाइडा द्वारा प्रस्तावित अनुवाद के सोपानों का नामोल्लेख कीजिए।

(xiii) मिथक क्या होते हैं?

(xiv) 'बुर्जुआ' से क्या तात्पर्य है?

(xv) 'प्रयुक्ति' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का पर्याय है?

(xvi) अदालत किस तरह के दस्तावेज को स्वीकार करता है?

(xvii) एकभाषिक कोश किसे कहते हैं?

(xviii) उच्चारण कोश किसे कहते हैं?

(xix) पुनरीक्षण क्या है?

(xx) मशीनी अनुवाद की शुरूआत कब हुई?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। 15

Cultural anthropology, on the other hand, has a far wider breadth of interest than related fields in the social sciences and humanities, each of which takes up some one segment of human activity. The cultural anthropologist generally studies peoples who are outside

(xiv) पटकथा का क्या अर्थ है ?

(xv) भारत में लोकप्रिय जनसंचार माध्यमों के नाम बताइये।

(xvi) वर्ल्ड वाइड वेब का निर्माण कब हुआ।

(xvii) विज्ञापन की परिभाषा लिखिए।

(xviii) रेडियो समाचार लेखन की आधारभूत विशेषताएं क्या है?

(xix) पत्रकार वार्ता एवं प्रेस प्रबन्धन से क्या तात्पर्य है?

(xx) प्रेस की स्वाधीनता को नियंत्रित करने वाले किन्हीं दो कानून के नाम बताइए।

(xxi) स्तम्भ लेखन किसे कहा जाता है?

(xxii) केरी–ओवर का क्या अर्थ है?

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा – 2014

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।*

**आलोचनात्मक प्रश्न** 4 x 10 = 40

प्र. 1. प्रयोजनमूलक हिन्दी को स्पष्ट करते हुए हिन्दी के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए।

अथवा

पारिभाषिक शब्दावली से क्या अभिप्राय है? सामान्य और पारिभाषिक शब्दावली के आवश्यक गुण बताइये।

प्र. 2. अनुवाद की परिभाषा देते हुए अनुवाद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

विधि साहित्य की हिन्दी और अनुवाद का विस्तार से वर्णन कीजिए।

प्र. 3. कार्यालयी हिन्दी या राजभाषा हिन्दी के स्वरूप व उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कार्यालयी हिन्दी के प्रमुख प्रकार्यों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

अथवा

जनसंचार के माध्यमों को स्पष्ट करते हुए बहुमाध्यम (मल्टीमीडिया) मे महत्त्व और उसकी व्यापारिक गतिविधियों की विवेचना कीजिए।

प्र. 4. प्रूफ किसे कहते हैं? प्रूफ के भेद बताते हुए एक प्रूफरीडर के गुणों का विस्तार से वर्णन करिए।

अथवा

हिन्दी पत्रकारिता को स्पष्ट करते हुए समाचार पत्र के आवश्यक तत्त्वों की विस्तार से विवेचना कीजिए।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

(i) पत्रकारिता माध्यम के रूप में इंटरनेट का महत्त्व बताइये।

(ii) हिन्दी सॉफ्टवेयर पैकेज को स्पष्ट कीजिए।

(iii) संचार का अर्थ बताते हुए संचार के तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

(iv) विज्ञापन का अर्थ तथा उसके प्रमुख माध्यम बताइये।

(v) पल्लवन क्या है, सोदाहरण समझाइए।

(vi) समाचार की परिभाषा और उनके मूलभूत तत्त्वों पर संक्षिप्त विवेचना कीजिए।



(vii) रिपोर्ताज की विशेषताएं बताइए।

(viii) कार्यालयी अनुवाद के प्रकारों को समझाइए।

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 20 x 1 = 20

(i) साहित्यिक हिन्दी किसे कहते हैं? इसके प्रमुख तत्त्व बताइये।

(ii) पत्रकार की दो प्रमुख विशेषताएं बताइये।

(iii) मुद्रित पत्रकारिता के विभिन्न रूप क्या है?

(iv) कम्प्युटर शब्द कैसे बना है?

(v) पारिभाषिक शब्दों का निर्माण कैसे होता है?

(vi) टेली–ड्रामा का क्या अर्थ है।

(vii) टिप्पण का क्या अर्थ है।

(viii) स्वतंत्रता के पूर्व के किन्हीं चार पत्रकारों के नाम लिखिए।

(ix) कार्यालयी अनुवाद किसे कहते हैं?

(x) संचार माध्यम या संचार सरणि (चैनल) से क्या अभिप्राय है?

(xi) कॉपीराइट सम्बन्धी अधिकार क्या है?

(xii) इंटरनेट पत्रकारिता का क्या अर्थ है?

(xiii) फीचर लेखन से क्या तात्पर्य है?